हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शुक्रवार, 6 जून 2025

# 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान को नागरिकों का व्यापक समर्थन

## नगरपालिका की अपील पर स्वतःस्फूर्त प्रतिक्रिया



**नागपुर.** नागपुर महानगरपालिका ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत शहर में बड़े पैमाने पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। नागरिकों ने महानगरपालिका के आह्वान पर उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी और इस अभियान का पूरे दिल से समर्थन किया। 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान की शुरुआत मनपा की अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी. ने गोरेवाड़ा क्षेत्र में तथा अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत ने भांडेवाड़ी में वृक्षारोपण कर की। जबकि सभी जोनों के सहायक आयुक्तों ने अपने-अपने जोनों में वृक्षारोपण कर अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर शहर के विभिन्न गैरसरकारी संगठनों ने मनपा के आह्वान का बखूबी पालन किया। मनपा के सभी दस जोनों कार्यालयों, मनपा विद्यालयों, सभी पार्कों, दमकल केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त वसुम्ना पंत, अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी. अतिरिक्त आयुक्त अजय चारथंकर के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण अभियान सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। मुख्य कार्यक्रम गोरेवाड़ा क्षेत्र में आयोजित किया गया। मनपा की अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी. के हाथों वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मनपा के उपायुक्त गणेश राठौड़, उद्यान अधीक्षक अमोल



चौरपगार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जबकि अतिरिक्त आयुक्त वसुम्ना पंत ने भांडेवाड़ी में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. गजेंद्र महल्ले, कार्यकारी अभियंता राजेश दुफारे एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही मनपा की निगम सचिव डॉ. रंजना लाडे ने मनपा मुख्यालय क्षेत्र में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी मनीष सोनी, समाज कल्याण विभाग की नूतन मोरे, जयश्री गडकर, विनय त्रिकोलवार, रितेश बांते, प्रमोद खोबरागड़े सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। मनपा जोन कार्यालय ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया, जिसमें नवनिर्माण नगर मैदान, मरारटोली मैदान, गोकुलपेठ बाजार, मौलीनगर नाला, मानेवाड़ा घाट, गीतानगर मैदान, मोक्षधाम घाट, नरेंद्रनगर हजारी स्टैंड, विरंगुला केंद्र दर्शन कॉलोनी, सक्करदरा फ्लाईओवर, ताजबाग उर्दू हाई स्कूल, सीपी एंड बरार महाविद्यालय चौक, नाइक झील क्षेत्र, बाबुलबन फायर स्टेशन कार्यालय क्षेत्र, प्रियदर्शनी गरोबा मैदान, एनआईटी मैदान बाबुलबन, कपिलनगर मनपा स्कूल, बोरगांव नाका आदि शामिल हैं। इसके अलावा आईईसी टीम ने दोपहर में संविधान चौक पर वाहन चालकों को प्ले कार्ड के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इसमें टीम के सदस्यों ने विभिन्न जलीय जीवों की तस्वीरें हाथों में लेकर नागरिकों को खतरनाक प्लास्टिक के बारे में जानकारी दी।



जन्मदिन के शुभ अवसर पर एडवोकेट प्रकाश जायसवाल को शुभकामनाएं देते हुए बीसीएन और बीटीपी ग्रुप के संस्थापक सिराज शेख और बीसीएन के डायरेक्टर इमरान शेख, यह खास पल आपसी सम्मान और सौहार्द का प्रतीक है।

# तड़ीपार अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर.**

क्राइम ब्रांच यूनिट 5 की टीम ने गश्त के दौरान मानकापुर थाना क्षेत्र के गोरेवाड़ा श्मशान घाट के पास एक तड़ीपार आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम तुषार अनिल शर्मा (22 वर्ष) गंगाबाई झोपड़पट्टी, झिंगाबाई टाकली, मानकापुर निवासी बताया। यह कार्रवाई 4 जून 2025 को शाम करीब 6:35 बजे, के दौरान अंजाम दी गई।

उसकी तलाशी लेने पर उसकी पैंट की कमर में एक लोहे का धारदार चाकू बरामद हुआ। जब आरोपी का रिकॉर्ड खंगाला गया, तो पता चला कि पुलिस उपायुक्त परिमंडल क्रमांक 2 द्वारा 28 अक्टूबर 2024 को नागपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र से एक वर्ष के लिए तड़ीपार किया गया था। इसके बावजूद वह बिना अनुमति के प्रतिबंधित क्षेत्र में न केवल घूम रहा था.


# विद्युत सुरक्षा सप्ताह के तहत 'बाइक रैली' का आयोजन

**नागपुर.**

'बिजली अदृश्य होती है, लेकिन उसका खतरा कभी क्षमा करने योग्य नहीं होता। यदि किसी कर्मचारी या परिवार के कमाऊ सदस्य की विद्युत दुर्घटना में असमय मृत्यु हो जाती है, तो उसका प्रभाव केवल वर्तमान पर नहीं, बल्कि आने वाली तीन पीढ़ियों पर पड़ता है। अतः प्रत्येक कर्मचारी और नागरिक को विद्युत सुरक्षा के प्रति सदैव सतर्क रहना चाहिए और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।'

यह मार्मिक अपील महावितरण के मानव संसाधन संचालक श्री राजेंद्र पवार ने आज नागपुर में की। यह आयोजन महावितरण के 20वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे 'विद्युत सुरक्षा सप्ताह' के अंतर्गत हुआ। इस अवसर पर नागपुर के गड्डीगोदाम स्थित प्रकाश भवन से 'बाइक रैली फॉर इलेक्ट्रिकल सेफ्टी' का भव्य उद्घाटन श्री पवार के करकमलों द्वारा किया गया।

इस रैली में महावितरण के लगभग 300 अधिकारी और कर्मचारी विद्युत सुरक्षा के संदेश देने वाले फलक लेकर शामिल हुए। महावितरण के 'शून्य विद्युत दुर्घटना' लक्ष्य के तहत राज्यभर में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में एड. गौरी चंद्रायण, दिलीप दोडके, अमित परांजपे और धम्मदिप फुलझेले सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों के पालन और नागरिकों को वीज साक्षर बनाने पर जोर दिया गया।




### वसुंधरा दिवस पर वृक्षारोपण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

इस अवसर पर विश्व वसुंधरा दिवस को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रकाश भवन परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इसमें पवार, एड. चंद्रायण, दोडके, परांजपे और फुलझेले ने भाग लिया। यह अभियान केवल सिव्हिल लाइन्स विभाग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नागपुर और वर्धा जिलों के कांग्रेस नगर, महाल, गांधीबाग, बुटीबोरी, मौदा, सावनेर, उमरेड, काटोल, वर्धा, आर्वी और हिंगनघाट विभागों में भी विद्युत सुरक्षा रैली के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई गई। इस अवसर पर वृक्षारोपण के साथ यह सामूहिक संकल्प लिया गया कि लगाए गए वृक्षों का संरक्षण सभी मिलकर करेंगे। इस पहल ने विद्युत सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण. इन दोनों महत्वपूर्ण मुद्दों को एक साथ सामने लाने का कार्य किया।

# फेसबुक पर दोस्ती, शादी का झांसा और फिर दुष्कर्म

## मुंबई का आरोपी नागपुर में गिरफ्तार

**नागपुर.**

शहर के जरीपटका पुलिस ने मुंबई के एक शातिर ठगबाज को 47 वर्षीय महिला से फेसबुक के जरिए दोस्ती कर, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और 12 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला को नशीला पदार्थ देकर जबरन संबंध बनाए और बाद में तस्वीरें व वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरीपटका थाना क्षेत्र की रहने वाली 47 वर्षीय पीड़िता पेशे से एडवोकेट है उसकी पहचान फेसबुक के जरिए 42 वर्षीय कल्पेश शशिकांत कक्कड से हुई थी। कक्कड मुंबई के कांदिवली वेस्ट स्थित विनी क्लासिक अपार्टमेंट का निवासी है। दोस्ती गहरी होने के बाद, आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा दिया और उनसे सगाई भी कर ली। जनवरी 2024 में, कल्पेश पीड़िता के घर आया और उसे नशीला पदार्थ देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता और उसके भाई से शेयर बाजार में भारी मुनाफे का लालच देकर समय-समय पर 12 लाख की मोटी रकम भी ले ली।

हालांकि, उसने न तो कोई मुनाफा दिया और न ही ली गई रकम वापस की। जब पीड़िता ने उससे पैसे वापस मांगे और शादी के लिए कहा, तो उसने शादी से इनकार कर दिया और उनकी निजी तस्वीरें व वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता की शिकायत के पर पुणे के खड़की पुलिस थाने में जीरो एफआईआर के तहत यह मामला दर्ज किया था। पुणे पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जरीपटका पुलिस के हवाले किया है जहां कोर्ट ने उसे 7 जून तक पुलिस कस्टडी रिमांड में भेज दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने इसी तरह तेलंगाना और मुंबई में भी दो अन्य महिलाओं से धोखाधड़ी की है जिसकी भी जांच अब पुलिस कर रही है।

# दो घरों से 1.32 लाख की नकदी और जेवरात चोरी

**नागपुर.**

वाठोडा थाना क्षेत्र के रामकृष्ण नगर, दिघोरी में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 3 जून की दोपहर 2:30 बजे से लेकर 4 जून की सुबह 8:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अनिकेत शिवाजी भोसले (32) और उनके ससुर परिवार सहित छत्तीसगढ़ बाहर गए हुए थे। इस दौरान चोरों ने प्लॉट नंबर 35 और 36/ब स्थित उनके मकानों के मुख्य दरवाजे के ताले और कड़ी कुंडी तोड़कर घर में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

अनिकेत भोसले के घर से चोर 50,000 रुपये नकद, सोने के आभूषण और एक मोबाइल फोन चुराकर ले गए, जबकि उनके ससुर के घर से 5,000 रुपये नकद चोरी हुए। कुल मिलाकर चोरों ने करीब 1,32,500 रुपये का माल चुराया है। वाठोडा पुलिस थाने में इस मामले को लेकर शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल आगे की जांच जारी है।

# अवैध हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर.**

गिट्टीखदान पुलिस ने मंगलवार शाम को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अग्निशस्त्र रखने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जून 2025 को शाम लगभग 6:30 बजे के आसपास गिट्टीखदान पुलिस का जांच दल क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहा था। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि फुटाला तालाव के पास सोनू पानठेले के नजदीक एक युवक लाल रंग की टी-शर्ट पहनकर और सफेद रंग के मोपेड पर सवार होकर अवैध हथियार के साथ मौजूद है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दिए गए हुलिए के आधार पर एक युवक को पकड़ा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम प्रजत राजेश पंचारिया (उम्र 23 वर्ष प्लॉट नं. 339, सोयोग नगर, नारी रोड, कपिलनगर निवासी बताया। पंचों की मौजूदगी में जब उसकी गाड़ी की तलाशी ली गई, तो डिक्की में से एक लोहे की पिस्टल (मॅगजीन सहित) और एक जिंदा राउंड बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, बरामद हथियार व राउंड की अनुमानित कीमत करीब 25,300 बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपी किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। बताया जा रहा है कि इससे के पहले उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और मारपीट जैसे मामले दर्ज हैं। आरोपी ने शस्त्र अधिनियम का उल्लंघन भी किया है। इस संबंध में गिट्टीखदान पुलिस थाने में भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई राहुल मदने (पुलिस उपायुक्त, परिक्षेत्र 2) सुनीता मेश्राम (सहायक पुलिस आयुक्त, सदर विभाग) तथा वपुनि कैलास देशमाने के मार्गदर्शन में सपुनि चेतन बोरखेडे, पुहवा बलजीत ठाकुर, अजय यादव, विलास चौव्हान, पुअं. नागनाथ कोकरे और आकाश लोथे ने अंजाम दिया। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।



# शहर में कोरोना का बढ़ रहा खतरा

## 10 जोन में स्क्रीनिंग सेंटर खोलने का फैसला



**नागपुर.** पिछले कुछ दिनों में नागपुर में कोरोना मरीजों की संख्या में अचानक हुई वृद्धि ने मनपा और स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ा दी है। पिछले पांच महीनों में 15 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं और उनमें से दो की मौत हो चुकी है।

इस पृष्ठभूमि में प्रशासन ने शहर के सभी 10 जोन में स्क्रीनिंग सेंटर खोलने का फैसला किया है। बताया गया है कि नागपुर के सरकारी मेडिकल अस्पताल और एक निजी अस्पताल में एक-एक मरीज की मौत हुई है। इनमें से एक मरीज नागपुर शहर का और दूसरा चंद्रपुर जिले का था। मृतक मरीजों को एचआईवी, टीबी और किडनी रोग जैसी गंभीर बीमारियां थीं, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो गई थी। इसलिए कोरोना संक्रमण उनके लिए ज्यादा घातक था। जनवरी से अब तक शहर में 85 लोगों की कोविड जांच की गई है और उनमें से 15 पॉजिटिव पाए गए हैं। बाकी सभी निगेटिव थे। गौरतलब है कि अप्रैल में मरीजों की संख्या तुलनात्मक रूप से कम थी, लेकिन मई में 26 जांच में 10 लोग पॉजिटिव पाए गए।

# जरीपटका और यशोधरानगर एमडी ड्रग्स मामला, 4 गिरफ्तार

**नागपुर.**

पुलिस ने शहर में नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को एमडी ड्रग्स के साथ रंग हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन थंडर के तहत की गई, जिसका उद्देश्य शहर से ड्रग्स की जड़ों को खत्म करना है। पहली घटना जरिपटका थाना क्षेत्र के चावला चौक की है, जहां दो युवकों नितेश विखानी और आकाश केवलरमानी को एमडी ड्रग्स बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस को इन दोनों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर छापा मारकर कार्रवाई की गई।

तलाशी में पुलिस को दोनों के पास से 5 ग्राम एमडी ड्रग्स, दो मोबाइल फोन सहित करीब 32,000 का माल बरामद किया। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी लंबे समय से जान-पहचान के ग्राहकों को ही एमडी की सप्लाई कर रहे थे। दूसरी कार्रवाई यशोधरानगर पुलिस द्वारा की गई, जहां पुलिस गश्त के दौरान पाटील नगर इलाके में दो युवकों रजत दिलीप ननेट (28) और राकेश राजकुमार कोहले (21) को हिरो अचीव्हर बाइक (एमएच 40 बीएन 2935) पर संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी में इनके पास से 15.25 ग्राम एमडी पावडर जिसकी कीमत लगभग 1,06,750 बताई जा रही है, दो मोबाइल फोन, बाइक और अन्य सामग्री सहित कुल 1,80,750 का माल जब्त किया गया। दोनों मामलों में आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 8(क), 21(ब) और 29 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

# निजी क्षेत्र की कंपनियां आत्मविश्वास के साथ आगे आएं: कौशल मंत्री लोढ़ा



**नागपुर.**

राज्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से तकनीकी रूप से कुशल युवा जनशक्ति उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जिस गति से औद्योगिकीकरण की जरूरतें बदल रही हैं। नई तकनीकें आ रही हैं। सौर ऊर्जा से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक के उत्पादों में वृद्धि हुई है। इसके लिए आवश्यक कुशल जनशक्ति उपलब्ध कराने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में एक नीति की घोषणा की है और कंपनियों की भागीदारी से वे अपनी जरूरतों के अनुसार कौशल के साथ युवा पीढ़ी तैयार कर सकते हैं, ऐसा विश्वास राज्य के कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने व्यक्त किया। वे सिविल लाइंस स्थित चिटनवीस पार्क में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के आधुनिकीकरण पर आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। इस अवसर पर रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अपूर्व पालकर, एडवांटेज विदर्भ के अध्यक्ष आशीष काले, संयुक्त निदेशक योगेश पाटिल, निखिल मुंडले, मित्रा के समन्वयक विनय कुमार सोते तथा विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने बताया कि राज्य के 418 सरकारी और 600 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप अपडेट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रशिक्षण की खामियों को पहचानकर निजी भागीदारी की नीति अपनाई है और निजी कंपनियों से इस दिशा में आगे आने की अपील की है।

हमने इस नीति के पीछे अपने आईटीआई संस्थानों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण केंद्रों में बदलने का उद्देश्य रखा है। उक्त नीति कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग, रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र राज्य कौशल व्यापार, शिक्षा एवं प्रशिक्षण बोर्ड, महाराष्ट्र राज्य नवाचार सोसायटी, महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास सोसायटी की भागीदारी से क्रियान्वित की जाएगी।




### फडणवीस-गडकरी के प्रयासों से विदर्भ बना निवेश का केंद्र

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रयासों से विदर्भ में बड़ी संख्या में नए उद्योग लग रहे हैं। उद्यमी विदर्भ में भारी निवेश कर रहे हैं। एडवांटेज विदर्भ के अध्यक्ष किरण काले ने उम्मीद जताई कि सरकार की इस नई नीति के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र को आवश्यक तकनीकी रूप से कुशल जनशक्ति तैयार की जाएगी। विदर्भ में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति डॉ. अपूर्व पालकर ने कहा कि मानव कौशल में निवेश एक निरंतर प्रक्रिया है और इसका कोई विकल्प नहीं है। कार्यक्रम में उद्यमियों ने मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा से संवाद किया। इस अवसर पर औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया और संयुक्त निदेशक किरण मोटघरे ने सभी का आभार जताया।

CMYK

# वाड़ी में हर्षोल्लास से मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**वाड़ी .**

आज के दौर में पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को लेकर वाड़ी नगर परिषद और टाटा स्ट्राइव के संयुक्त प्रयास से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वाड़ी में विविध पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन कर यह दिन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

नगर परिषद की मुख्याधिकारी डॉ. ऋचा धाबर्डे के मार्गदर्शन में इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टाटा स्ट्राइव के 105 प्रशिक्षुओं ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. आंबेडकर नगर बाल उद्यान, रमाबाई चौक उद्यान तथा आदर्श नगर उद्यान में कुल 110 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर उपमुख्याधिकारी गौरव गाडगे, स्वच्छता अभियंता सुषमा भालेकर, बांधकाम विभाग से नितेश घोरमाडे, मोहिनी वैद्य, आकांक्षा पाटील, सिद्धार्थ शार्दूल, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नरेशकुमार चव्हाण, स्वच्छता निरीक्षक धनंजय गोतमारे व मुकेश महातो, शहर समन्वयक आशिष गुंडुकवार, गोदरेज फीडबैक फाउंडेशन के व्यवस्थापक आदर्श तंवर, लेखापरीक्षक अतुल सरदार व लेखाधिकारी अमोल सोनसरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में रैली के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता फैलाई गई और वृक्षारोपण व उनके संरक्षण के प्रति संदेश दिया गया।

इस अवसर पर छात्रों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, जागरूकता नाटक प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।







**सभी प्रतिभागियों ने 'एक पेड़ मेरे नाम' का संदेश देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।**

इस सफल आयोजन में टाटा स्ट्राइव नागपुर केंद्र के प्रमुख योगेश खिराळे, चैताली भोयर, काजल भरतवाडे, आकांक्षा गुप्ता, रिया अग्रवाल, सरिता गजभिये, अंकिता रंदे, वर्षा आठले, गणेश कोहले, अंकित वासनिक, पायल जनबंधु, रिंकू पाटील आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ और दृढ़ संकल्प के साथ किया गया।

# शिवराज्याभिषेक दिवस पर भव्य आयोजन

> मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करेंगे उद्घाटन
> ऑनलाइन प्रसारण के माध्यम से जुड़ेंगे नागरिक

**सावनेर.**



महाराष्ट्र सरकार के दिशा-निर्देशों और कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार मंत्री मा. मंगल प्रभात लोढ़ा की संकल्पना के अंतर्गत 6 जून 2025 को शिवराज्याभिषेक दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री मा. देवेंद्र फडणवीस मुंबई से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। समारोह का सीधा प्रसारण अण्णाजी कुबिटकर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सावनेर में किया जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में वैभव देवघरे, शैलेश ढबाले (शिवचरित्र अभ्यासक एवं शिव व्याख्याता), मदन डहाके (प्राचार्य, जवाहर विद्यालय वाकोड़ी), किशोर धुंडेले (अध्यक्ष, सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघ), हितेश बंसोड़ (संस्थापक, हितज्योति आधार फाउंडेशन), भूषण कुबड़े (पर्यावरण मित्र एवं जलतारा स्वयंसेवक) आदि शामिल होंगे। यह सभी वक्ता स्वदेशी विचारों का प्रसार, नागरिक कर्तव्य, शिष्टाचार, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में आईएमसी अध्यक्ष संजय भोंगे, आईएमसी उपाध्यक्ष प्रेमचंद पाटिल, आईएमसी सदस्य सोनू रावसाहब, वैभव चांडक, गीता लोधी, अँड. तेजस कुबितकर, प्रशांत मडावी, अँड. मनोज खंगारे समेत कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति दर्ज होगी।

इस आयोजन की सफलता हेतु प्राचार्य प्रशांत नंदूरकर, समूह निदेशक घ्यार सर, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों द्वारा सतत परिश्रम किया जा रहा है। सावनेर में होने वाला यह आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को जनमानस तक पहुंचाने का एक प्रेरणादायी प्रयास होगा।

# रिलैक्स क्रॉप केयर में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**कारंजा घाडगे.**

गुरुवार तड़के कारंजा एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित रिलैक्स क्रॉप केयर कंपनी में भीषण आग लग गई। यह आग तड़के करीब 3 से 4 बजे के बीच लगी और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

इस कंपनी में कृषि उपयोगी दवाइयों का निर्माण किया जाता है। आग की चपेट में आने से दवाइयों का कच्चा माल और पूरी मशीनरी जलकर खाक हो गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही कारंजा पुलिस स्टेशन की टीम सुबह 4:30 बजे मौके पर पहुंची। इसके बाद नगर परिषद को सूचना दी गई। नगर परिषद का अग्निशमन दल सुबह 5 बजे घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाया गया। फिलहाल कारंजा पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# केझरकर ने की नाले के पास लगे कचरे का ढेर हटाने की मांग

**कामठी.**

मानसून की दस्तक से पहले शहर में नगर परिषद के द्वारा शहर के बड़े नालों की साफ सफाई की जा रही है, जिससे शहर के इलाकों में जल भराव ना हो। इसी के चलते सभी बड़े नालों की सफाई से निकलने वाले मलबे और कचरे को नाले के पास ही इकट्ठा कर कई दिनों से मलबों का ढ़ेर लगा रखा हैं। नगर परिषद की ओर से अब तक कोलसाटाल, भाजीमंडी नाले के पास कचरों से बने पहाड़ को नहीं उठाने से आमजन परेशान है। उपरोक्त आरोप लगाते हुए नगर परिषद के पूर्व सभापति श्रावण केझरकर ने बताया कि नगर परिषद के द्वारा नाले के अंदर से पूरे कचरे को निकाल कर बाहर सड़क पर इकट्ठा कर दिया। इस जगह ऐसा लग रहा है जैसे की कचरे का पहाड़ हो गए, लेकिन अभी तक कचरे को उठाने के लिए नगर परिषद की गाड़ी नहीं आई। यह कचरा पूरी तरह से सूख चुका है और यहां से निकलने वाले लोगों को दुर्गंध भी आती है। तेज हवा चलती है तो पास में मौजूद मकान तक भी इसकी दुर्गंध आती है। इस पर श्रावण केझरकर द्वारा नगर परिषद के मुख्याधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में जल्द से जल्द नाले किनारे जमा कचरे के ढेरों को उठाने की मांग की है।




**मुख्याधिकारी बोरकर बोले - जल्द उठाएंगे :** मुख्याधिकारी संदीप बोरकर ने बताया कि मानसून से पहले सभी 90 प्रतिशत बड़े नालों की साफ सफाई हो चुकी है। मशीनों के जरिए नालों को पूरा साफ किया गया है। कितनी ही तेज बारिश आ जाए, कॉलोनी व बस्तियों में पानी नही भरेगा। वहीं थोड़े ही नाले हैं, जिनके बाहर कचरा इकट्ठा है, वहां से कचरे का मलबा को थोड़े दिन में उठा लिया जाएगा। हालांकि इस बीच अगर बारिश भी आती है, तब भी मलबा उठा सकते है।

# सोनेगांव-राजा गांव में मानसून -पूर्व आपदा प्रबंधन का एक दिवसीय प्रदर्शन प्रशिक्षण

**कामठी.**

पिछले पाँच साल पहले हुई भारी बारिश से नागरिकों को भारी नुकसान हुआ था। ऐसी स्थिति दोबारा आने पर प्रशासन की घबराहट न हो और नागरिक नियोजित तरीके से सावधानी बरत सकें, इसके लिए सोमवार (2 जून) को सोनेगांव-राजा में कन्हान नदी पर कामठी तहसील कार्यालय के तालुका खोज और बचाव दल को आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के माध्यम से तहसीलदार गणेश जगदाले के मार्गदर्शन में मॉनसून-पूर्व आपदा प्रबंधन का एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदर्शन दिया गया।







ज्ञात हो कि पिछले पाँच साल पहले बरसात में कामठी तालुका में लगातार बारिश ने औसत को पार कर दिया था। साथ ही, पेंच परियोजना में पानी का स्तर बढ़ने के कारण विवश होकर पेंच के सोलह दरवाजे खोले गए थे। परिणामस्वरूप, इस जलाशय से कन्हान नदी में पानी छोड़े जाने से कन्हान नदी उफान पर आ गई थी, जिससे इस नदी के किनारे स्थित कामठी तालुका के बिडबिना और सोनेगांव-राजा गाँव बाढ़ से घिर गए थे। दोनों गाँवों ने एक द्वीप का रूप ले लिया था। सोनेगांव-राजा में 350 और बिडबिना में 36 नागरिक बाढ़ में फंस गए थे इस अवसर पर, तत्कालीन एसडीओ श्याम मदनूरकर और तत्कालीन तहसीलदार अरविंद हिंगे ने तालुका प्रशासन की ओर से तुरंत संज्ञान लिया और जिला प्राकृतिक आपदा प्रबंधन दल की बचाव नौका से उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की थी। ऐसी स्थिति को पिछली 1994 में हुई बारिश की पुनरावृत्ति बताया जा रहा था।

इस अवसर पर, तालुका खोज और बचाव दल के तहसीलदार गणेश जगदाले, नायब तहसीलदार राजीव बमनोटे, कामठी पंचायत समिति के विस्तार अधिकारी मनीष दिघाडे, कामठी तहसीलदार के प्रस्तुतकर्ता मिथिलेश कोल्हे, निमकर, कोतवाल कुंजीलाल पानतावणे, राम उरकुडे आदि को रबड़ की नाव पर बिठाकर नदी में प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर आपदा प्रतिक्रिया दल (एसडीआरएफ) पथक, कामठी तालुका आपदा प्रबंधन दल, तलाठी, मंडल अधिकारी, सोनेगांव के पुलिस पाटिल, सरपंच, ग्रामसेवक, फायर ब्रिगेड के कर्मचारी, पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

# पर्यावरण आंदोलन अंतर्गत वृक्ष गंगाजल संरक्षण अभियान




**कामठी.**

गुरुवार 5 जून पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा दिवस के अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा संचालित बाल संस्कार शाला शिविर के बच्चों ने जन जागृति के उद्देश्य से गायत्री स्वास्थ्य उपवन में पर्यावरण आंदोलन अंतर्गत वृक्ष गंगा एवं जल संरक्षण पर शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रभात फेरी निकाल कर "आओ मिलकर पेड़ लगाए हरा भरा यह देश बनाएं तथा यदि चाहिए शुद्ध हवा पेड़ लगाना सही दवा नारे लगाए गए" वाटिका में पर्यावरण बचाओ धरती चिल्ला रही हमारी लघु नाटिका प्रस्तुत की। जल बचाने के लिए स्लोगन बोले गए।

अंत में सभी नागरिकों ने अपना हाथ उठाकर संकल्प लिया की अपने जीवन काल में सांसों के कर्ज के रूप में तीन पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करेंगे। बच्चों के साथ पेड़ उपवन में लगाए गए तथा जीवन दाहिनी मां गंगा जल के स्त्रोतों को प्रदूषण नहीं होने देने का संकल्प सभी लोगों ने लिया।

विशेष सहयोग योग क्लास के साधकों तथा उपवन में घूमने आने वाले नागरिकों ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी गायत्रीपरिजनो का सहयोग रहा।

# प्रशासक धनंजय बोरीकर का पर्यावरण संरक्षण पर जोर

> अब स्वयं के लिए बचाएं पर्यावरण

**कोंढाली.**

पर्यावरण को विकृत और दूषित करने वाली समस्त विपदाएं हमारी ही लाई हुई हैं। हम स्वयं प्रकृति का संतुलन बिगाड़ रहे हैं, और इसी असंतुलन को रोकने हेतु पर्यावरण का संरक्षण आवश्यक हो गया है।" यह विचार कोंढाली नगर पंचायत के प्रशासक धनंजय बोरीकर ने माझी वसुंधरा अभियान 6.0 के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के पौधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर व्यक्त किए।






प्रशासक बोरीकर ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण एवं संरक्षण का विशेष लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु 5 जून को नगर पंचायत कोंढाली द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे वार्ड क्रमांक 6 स्थित शिक्षक कॉलोनी के श्री संत गजानन महाराज मंदिर के खुले प्रांगण में और वार्ड क्रमांक 2 के देशमुख लेआउट में सार्वजनिक उपयोग हेतु किए जाने वाले प्रांगण में किया गया।

इस कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत अधिकारी, कर्मचारी, युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बालकों ने भी पौधारोपण में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रशासक धनंजय बोरीकर ने कहा, "पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन वृक्षों का संरक्षण उससे भी अधिक आवश्यक है। यह आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है।" उन्होंने आगे बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराते हैं।

नगर पंचायत कोंढाली द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से युवाओं और बच्चों की भागीदारी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और यह संदेश दिया कि पर्यावरण की रक्षा अब सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधा लगाएं, पर्यावरण बचाएं – यही है समय की पुकार!

# 'एक पेड़ मां के नाम पर' वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**कामठी.**

भारत सरकार एव रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस मनाने हेतु छावनी परिषद् कामठी द्वारा 15 फरवरी से आज 5 जून तक विविध जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमे मुख्य रूप से "प्लास्टिक मुक्त भारत संकल्पना " प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए प्लास्टिक का बिलकुल भी उपयोग ना करने हेतु लोगो से आवाहन जनजागृति रैली, पथनाट्य, घर-घर जागरूकता एवं सोशल मिडिया माध्यम द्वारा किया गया। स्कूली छात्रो के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन छावनी परिषद शाला में किया गया। सामान्य नागरिको, स्कूली छात्रों एवं छावनी परिषद कर्मचारियो द्वारा पर्यावरण प्रतिज्ञा ली गई। एकल उपयोग प्लास्टिक को कम करने के लिए सार्वजनिक बैठक और कचरे को कम करने के लिए स्वच्छता कर्मचारियों के लिए पृथक्करण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वही गुरुवार 5 जून को एक पेड़ माँ के नाम पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छावनी परिषद कार्यालय, अस्पताल एव स्कुल में वृक्षारोपण किया गया। जिसमे छावनी परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी महेश वड्डे, मनोनीत सदस्य कमलकिशोर उर्फ लालू यादव एव समस्त कर्मचारी गण प्रमुखता से उपस्थित रहे।







# प्रकाश लांजेवार आरपीआई के सावनेर तहसील अध्यक्ष बने

> अमोल डहाट को मिला सचिव पद

**खापरखेड़ा.**

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अब केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बुलंद आवाज बन चुकी है। सामाजिक न्याय और समानता के उद्देश्यों के साथ, आरपीआई ने खापरखेड़ा क्षेत्र में एक नई जागरूकता और आंदोलन की लहर पैदा की है।

इसी क्रम में, खापरखेड़ा निवासी तथा आरपीआई के वरिष्ठ नेता भाऊसाहेब पृथ्वीराज बोरकर के मार्गदर्शन और सावनेर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी राहुल बागडे एवं पृथ्वीराज बागडे की उपस्थिति में सावनेर तहसील अध्यक्ष पद पर प्रकाश लांजेवार की नियुक्ति की गई है, जबकि अमोल डहाट को तहसील सचिव का जिम्मा सौंपा गया है।





इन नियुक्तियों को केवल औपचारिक पदभार न मानते हुए, संघर्षशील नेतृत्व को मिली एक बड़ी जिम्मेदारी और सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। चिचोली ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच प्रकाश लांजेवार लंबे समय से आरपीआई के माध्यम से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं।

हर चुनाव में उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर ईमानदारी से काम किया, जिसका परिणाम है कि उन्हें यह प्रतिष्ठित दायित्व सौंपा गया है। आरपीआई का यह नया नेतृत्व अब खापरखेड़ा, मौदा, पारशिवनी और सावनेर तहसील क्षेत्रों में जनता के हक के लिए निर्णायक भूमिका निभाने की तैयारी में जुट गया है। गांव-गांव और शहर-शहर में पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने और युवाओं को जोड़ने का आह्वान किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश लांजेवार और सचिव अमोल डहाट को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। संगठन में जोश और उम्मीद की नई ऊर्जा देखी जा रही है।

**विशेष बिंदु**

1. नए नेतृत्व से युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास की लहर
2. युवाओं का तेजी से आरपीआई की विचारधारा से हो रहा जुड़ाव
3. जल्द तैयार होगी एक सशक्त, प्रशिक्षित और संघर्षशील कार्यकर्ताओं की टीम

# महसूल मंत्री बावनकुले की उपस्थिति में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भाजपा में प्रवेश

**पारशिवनी.**

भाजपा की जनहितकारी नीतियों और व्यापक विकास कार्यों से प्रभावित होकर रविवार को कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। यह प्रवेश नागपुर जिले के कोराडी स्थित महसूल मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के निवास पर हुआ।

इस मौके पर मंत्री बावनकुले के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष आनंदराव राउत, युवा भाजपा नेता उदयसिंह यादव, वरिष्ठ नेता सुधाकर मेंघर, अशोक कुंथे, पूर्व ग्रामपंचायत उपसरपंच विठ्ठल पाटील समेत कई गणमान्य नेता मौजूद रहे।

इस अवसर पर रामकली उरमाले, अशोक कोंडवते, तेजराम धुर्वे, बेबी तुमडाम, स्वाति धुर्वे, भावराव कुंभरे, कावुडु धुर्वे, नागौराव उईके, केशव अडमाची, मायकलाल अडमाची, दिनेश तुमडाम, शेषराव तुमडाम, ज्ञानेश्वर धुर्वे, बालक इडपाची, मगळू इडपाची, किशोर भलावी, आकडराव खापरे, मगलया कोकोटे, अनिता कुंभरे, कविता भलावी, दुर्गाबाई कोरचे, सुरेश भलावी और अन्य कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा में शामिल होकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और गांव-गांव तक हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर युवाओं और महिलाओं ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश किया। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने नए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता को सम्मान और अवसर मिलता है। यही कारण है कि आज भाजपा देश की सबसे बड़ी और लोकप्रिय पार्टी बन चुकी है।



इस अवसर पर उदयसिंह यादव ने कहा कि युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से भाजपा और अधिक मजबूत होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की गति और तेज होगी।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



**कमलाबाई गोंधले**

**नागपुर :** गोंडप्लॉट, सुभाष चौक निवासी कमलाबाई काशीनाथ गोंधले (आयु 84 वर्ष) का गुरुवार की सुबह वृद्धावस्था के कारण निधन हो गया। गोंधले अपने पीछे पति, लड़की, दामाद व नाती-नातिनों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

# दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर शरद पवार गुट ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**हिंगनघाट.**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार गुट) के दिव्यांग प्रकोष्ठ की ओर से दिव्यांग नागरिकों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष देवी प्रसाद दायमा, प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले और मदन कुमार इंगले के मार्गदर्शन में किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि महाराष्ट्र राज्य में लगभग एक करोड़ दिव्यांग भाई-बहन हैं, जिन्हें कई सरकारी योजनाओं से वंचित रखा गया है।

समाज में उन्हें अनेक प्रकार की चुनौतियों और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उन्हें सामाजिक न्याय और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार मिलना चाहिए। इस अवसर पर एनसीपी दिव्यांग प्रकोष्ठ के सरचिटनिस मारोती महाकालकर, अमोल कंडे, जगदीश देवतळे, अनंत निमजे, सतीश गोळकर, सचिन भजभुजे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दिव्यांग प्रकोष्ठ ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर दिव्यांग समाज को उनका हक दिलाएगी। मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगें ज्ञापन में रखी गईं. 1. दिव्यांगों को दिया जाने वाला मासिक मानदेय बढ़ाकर 5,000 किया जाए। 2. दिव्यांगों को राजनीति में 4% आरक्षण प्रदान किया जाए। 3. दिव्यांगों को दिया जाने वाला मानदेय, दिव्यांग मंत्रालय के अंतर्गत शामिल किया जाए। 4. प्रत्येक जिले में दिव्यांग मंत्रालय का स्वतंत्र कार्यालय स्थापित किया जाए। 5. दिव्यांग मंत्रालय में 50% कर्मचारियों की भर्ती दिव्यांग व्यक्तियों में से की जाए।

# वैष्णवी हगवने दहेज आत्महत्या मामला

## राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस शरदचंद्र पवार पार्टी की कड़ी मांग



**हिंगनघाट.**

वैष्णवी हगवने दहेज प्रताड़ना के चलते आत्महत्या मामले में राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस (शरदचंद्र पवार पार्टी) की ओर से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही, महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रूपाली चाकणकर से इस्तीफे की भी जोरदार मांग की गई है। पार्टी की महिला प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले और महिला जिला अध्यक्षा ज्योति देशमुख के मार्गदर्शन में विरोध दर्ज कराते हुए यह मांग उठाई।

प्रतिनिधियों ने कहा कि वैष्णवी हगवने की दुखद मौत के बाद महिला आयोग की अध्यक्षा रूपाली चाकणकर का व्यवहार और बयान अत्यंत आपत्तिजनक और असंवेदनशील था। ऐसे में उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और यह जिम्मेदारी किसी संवेदनशील और जागरूक महिला नेता को सौंपी जानी चाहिए।

पुणे के मुळशी की रहने वाली वैष्णवी हगवने को कथित रूप से दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया, जिसके कारण उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके ससुराल पक्ष- सास, ससुर, ननद और पति-पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप हैं। बताया जा रहा है कि यह परिवार आर्थिक रूप से संपन्न होते हुए भी अपनी बहुओं को दहेज के लिए तंग करता था। राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने कहा कि यह मामला पूरे महाराष्ट्र के लिए शर्म की बात है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले में किसी भी प्रकार का राजनीतिक दबाव स्वीकार न करते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। साथ ही, वैष्णवी के छोटे बच्चे को हर संभव सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

### लोगों रहे उपस्थित

❍ इस अवसर पर हिंगनघाट शहर की कार्यकारी अध्यक्ष सीमा तिवारी, जिला महासचिव सुजाता जांभुलकर, जिला उपाध्यक्ष मीना सोनटक्के, शहर उपाध्यक्ष दीपाली रंगारी, ओबीसी शहर अध्यक्ष आंचल वकील समेत कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थीं।

# भंडारा शहर में अधूरे सड़क कार्य के विरोध में शिवसेना का रास्ता रोको आंदोलन

**भंडारा.**



भंडारा शहर में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कुछ सड़कों पर नागरिकों की मांग के बिना ही दो-दो फीट ऊंचे सीमेंट रोड का निर्माण कार्य आठ महीने पहले शुरू किया गया था। करीब चार महीने तक कार्य चलने के बाद यह सड़क निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। ठेकेदार और संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से यह कार्य बंद कर दिया गया, जिससे शहरवासियों और शहर से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर शिवसेना (उद्धव बाळासाहब ठाकरे गट) की ओर से राज्य सरकार, जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

इसके विरोध में आज शिवसेना की ओर से भंडारा शहर में राजीव गांधी चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर 'रास्ता रोको आंदोलन' किया गया। आंदोलन के दौरान नागपुर नाका से लेकर राजीव गांधी चौक और शास्त्रीनगर चौक से टाकली तक के रस्तों पर नागरिकों और शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों की मांग है कि अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को तत्काल पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को हो रही समस्याओं से राहत मिल सके।

# एकोड़ी स्वास्थ्य केंद्र पर विधायक अग्रवाल का जन्मदिन मनाया



**गोंदिया.** गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल का जन्मदिन एकोड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक अनोखे तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सदस्य नामदेव बिसेन की ओर से पूर्व सरपंच अशोक रिणाईत की मुख्य उपस्थिति में मरीजों को फल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में गांव के कई प्रमुख व्यक्ति और नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में पूर्व सरपंच अशोक रिणाईत, पत्रकार आरिफ पठान, जित्तु कनोजे, पिंटू बेहार, भल्लु कनोजे, अशोक कनोजे, साथ ही स्वास्थ्य विभाग की डॉक्टर वैशाली बिसेन, डॉक्टर कोमल मेश्राम, डॉक्टर उमा हट्टेवार और डॉक्टर सुषमा सार्वे मौजूद थे। साथ ही राजेश तुमलाम, रंजना हरणे, कुमुद तुरकर, आशिष सोनेवाने, अनिता बिसेन, रुची हुमने, प्रशांत मिश्रा, लेखराम रिणाईत, कमल दमाहे, वासुदेव बिसेन, दिनेश शेंडे, हंसराम पटले, विष्णु बिसेन, बालु वडीचार, कार्तिक वडीचार, ईश्वर बिसेन, सोनू रहांगडाले और पत्रकार राजेशकुमार तायवाड़े सहित आसपास के कई नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। एकोड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष मेहनत की और सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रशंसनीय कार्य किया।

# बीएसएनएल प्रशासन के अन्याय के खिलाफ देशभर में पेंशनर्स और कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन



**वर्धा.**

जाति सत्यापन के नाम पर बीएसएनएल प्रशासन द्वारा करीब 200 कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने और उनका बकाया भुगतान रोकने के विरोध में आज देशभर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन लंच ब्रेक के दौरान बीएसएनएल मुख्यालयों के सामने आयोजित किया गया, जिसमें पेंशनर्स के साथ-साथ वर्तमान कर्मचारी संघों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। अखिल भारतीय बीएसएनएल डॉट पेंशनर्स एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन को अन्य कर्मचारी संगठनों का भी समर्थन मिला। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि 2019 में वीआरएस के दौरान विजिलेंस क्लीयरेंस दिए जाने के बावजूद इन कर्मचारियों का बकाया अब तक नहीं दिया गया है और अब जाति सत्यापन के नाम पर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार के दूरसंचार विभाग के स्पष्ट आदेश होने के बावजूद बीएसएनएल और सीसीए डॉट प्रबंधन अंबेडकर की धरती पर अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रहे हैं। पिछले छह वर्षों में बीएसएनएल के ऐसे 20 से अधिक कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है और तब जाकर उनके परिवारों को भुगतान किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से सवाल पूछा, "क्या आप इन दो सौ कर्मचारियों की मृत्यु का इंतज़ार कर रहे हैं? क्या आप उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहे हैं?" विरोध प्रदर्शन के दौरान सचिव अकरम पठाण, रमेश इटनकर, सागर कदम, रमेश फुडसुंगे, डेकाटे, नंदनवार, प्रकाश हांडे सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदर्शन के अंत में एक ज्ञापन कांग्रेस नेता डॉ. अभ्युदय मेघे को सौंपा गया, जिसमें अनुसूचित जनजाति कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय को तुरंत समाप्त करने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आगे और अधिक उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# हिंगनघाट थाने में बकरा ईद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**हिंगनघाट.**

आगामी बकरा ईद एवं अन्य त्यौहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से हिंगनघाट थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन ने की। इस अवसर पर थानेदार देवेंद्र ठाकुर सहित क्षेत्र के मस्जिद समिति और शांति समिति के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक जैन ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से सामाजिक सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की और बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने उपस्थित लोगों को सुरक्षा व्यवस्था, जुलूसों के मार्ग, समयबद्धता और आपसी समन्वय जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और किसी भी आपत्तिजनक स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को अपने सहयोग का आश्वासन दिया।

# कन्हान नदी में गंगा महा आरती, पूजार्चना करने उमड़े श्रद्धालु

**कन्हान/कामठी.** गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा आरती सेवा समिति, एकलव्य फाउंडेशन, योगासन ध्यान केंद्र महादेव घाट सहित अन्य समितियों के द्वार मां गंगा स्वरूप कन्हान नदी में गंगा आरती पूजन का कार्यक्रम महादेव घाट में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में शुक्रवार को शाम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थितियों में पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर, छावनी परिषद अधिशासी अधिकारी महेश वड्डे, भाजपा ज़िला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, भाजपा ज़िला सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, छावनी परिषद मनोनीत सदस्य कमलकिशोर उर्फ लालू यादव, रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, वैदिकीय आघाड़ी के डॉ. महेश महाजन, पंचायत समिति पूर्व उपसभापति संजय गवते, भाजपा मा शहर अध्यक्ष चंद्रशेखर तूप्पट, छावनी क्षेत्र कांग्रेस अध्यक्ष रितेश मानसिंह यादव, खैरी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच बंडू कापसे, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य जयप्रकाश उर्फ बबलू तिवारी, भाजपा के महामंत्री विनोद संगेवार, महामंत्री विजय कोंडुलवार, छावनी परिषद के पूर्व सदस्य प्रमेंद्र यादव, पूर्व सदस्य प्रमेंद्र उर्फ बाबर वाही, ग्राम पंचायत सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे आदि ने कहा कि गंगा दशहरा के अवसर पर यहां उमड़ी भीड़ कन्हान नदी के प्रति प्रेम एवं आस्था को दर्शाता है। कन्हान नदी हम सबके लिए जीवनदायिनी है इसे स्वच्छ रखने की सामूहिक जिम्मेदारी हम सब की है। उन्होंने गंगा दशहरा के अवसर पर आरती पूजन कार्यक्रम आयोजित करने के लिए गंगा आरती सेवा समिति, एकलव्य फाउंडेशन, योगासन ध्यान केंद्र सहित आयोजन में सम्मिलित अन्य सभी समितियों की प्रशंसा की। मंदिर के पुजारी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात महाआरती उपरांत श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद का भी लाभ उठाया। आयोजन को सफल बनाने में गंगा आरती सेवा समिति, एकलव्य फाउंडेशन, योगासन ध्यान केंद्र महादेव घाट के राजेश देशमुख, प्रकाश सुखीजा, महेंद्र वाही, महेश अग्रवाल, भैयाजी यादव, मोंटू भूटानी, बबलू रोचलानी, आशीष यादव, पं. विक्की दुबे, रवि चमके, चंद्रकांत शिवरकर, नंदू चिखले, विनोद उर्फ बिल्लू यादव, विवेक वाड़ीभस्मे, रमेश कुल्लरकर, शंकर सोनटक्के, विक्रांत उर्फ बाबू बैस, ऋषिकेश देशमुख सहित अन्य महिला ग्रुप की महिलाएं सक्रिय रही।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत विद्यालय वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**हिंगनघाट.**



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय भारत विद्यालय, हिंगनघाट में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय संकट को देखते हुए इस दिन का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता फैलाना है। विद्यालय में राष्ट्रीय हरित सेना और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' इस विशेष पहल के अंतर्गत देशी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्राचार्य हरीश भट्टड़ एवं उप-प्राचार्य किशोर चवरे की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय हरित सेना के समन्वयक दत्ता भांगे द्वारा किया गया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा शिक्षक विनोद कोसुरकर, ग्रंथपाल विकास नागरकर, मुख्य लिपिक सचिन धारकर, शिपाई बालाजी आसुटकर एवं जगदीश झाड़े भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। विद्यालय परिसर को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के इस प्रयास में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्राचार्य भट्टड़ ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करें और पर्यावरण रक्षा में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

# संत तुकड़ोजी वार्ड में 'पानी बाट्या' को पार्षद पद का दिव्य सपना

**हिंगनघाट.** शहर के संत तुकड़ोजी वार्ड में एक स्वयंभू समाजसेवक 'पानी बाट्या' को लेकर इन दिनों राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। खुद को गजानन महाराज का भक्त बताने वाले इस व्यक्ति ने आगामी नगरपालिका चुनाव को देखते हुए पार्षद बनने का दिव्य सपना देखना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, बीते कुछ वर्षों में जब चुनाव की संभावना जताई जा रही थी, तब पानी बाट्या ने वार्ड में काफी दौरे कर लोगों को पानी वितरित किया था। लेकिन चुनाव टलने के बाद लंबे समय तक वह वार्ड से नदारद रहा और मतदाताओं की समस्याओं से दूर होता चला गया। अब फिर से चुनावी माहौल बनने के साथ पानी बाट्या ने अपनी तथाकथित समाजसेवा शुरू कर दी है। प्रभाग के लोग इसे एक "नकली और मतलबी समाजसेवक" बता रहे हैं, जिसने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अलग-अलग उम्मीदवारों का समर्थन कर अपनी राजनीतिक निष्ठा पर सवाल खड़े कर दिए हैं. प्रभाग के मतदाताओं का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति किसी एक पार्टी का नहीं हो सकता, तो वह आम जनता का कितना वफादार हो सकता है, यह सोचने वाली बात है। पानी बाट्या की दोहरी भूमिका और बदलते रुख को देखकर लोग अब उसकी नीयत पर शक करने लगे हैं। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि एक सच्चे समाजसेवक के गुण व्यवहार और कार्यों से साफ नजर आते हैं, जबकि पानी बाट्या में ऐसा कुछ नहीं दिखता। बावजूद इसके वह नगरसेवक बनने का सपना देख रहा है। सूत्रों के अनुसार, पानी बाट्या ने वार्ड में कई निर्माण कार्यों के ठेके लेकर अच्छी-खासी कमाई भी की है।

# देवली में राशन कार्ड धारकों को मिलेगा तीन महीने का एक साथ राशन

**देवली.** मानसून और बाढ़ से उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत देवली तालुका के अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता लाभार्थी योजना के तहत आने वाले 25,481 लाभार्थियों और प्राथमिकता परिवार योजना के 1,07,353 लाभार्थियों को जून से अगस्त 2025 तक का राशन एक साथ दिया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार ने सस्ते राशन दुकानों में अतिरिक्त खाद्यान्न भंडारण और वितरण के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में महाराष्ट्र सरकार ने अगस्त 2025 के लिए निर्धारित खाद्यान्न का उठाव 30 मई 2025 तक करने का आदेश दिया था। जिला कलेक्टर वर्धा द्वारा 22 मई 2025 को जारी आदेश के अनुसार, देवली तालुका की 107 सरकारी राशन दुकानों को तीन महीने का राशन एक साथ वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। देवली तहसील कार्यालय के आपूर्ति विभाग ने सभी पात्र राशन कार्डधारकों को इस बारे में सूचना और दिशा-निर्देश जारी किए हैं। लाभार्थियों को एक बार में तीन महीने का राशन प्राप्त करना होगा और वितरण के दौरान ई-पीओएस मशीन के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में उन्हें तीन बार नकद रसीद दी जाएगी। जिन लाभार्थियों ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे इसे 30 जून 2025 तक पूरा कर सकते हैं। अगर राशन वितरण या किसी अन्य प्रक्रिया में कोई समस्या आती है तो लाभार्थी देवली तहसीलदार समर्थ क्षीरसागर या आपूर्ति निरीक्षण अधिकारी चांदनी शिवरकर से संपर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# नवेगाव-नागझिरा बफर जोन के प्रबंधन में अहम प्रगति!

## विधायक डॉ. परिणय फुके के लगातार प्रयासों को मिली सफलता, वन मंत्री गणेश नाईक के सकारात्मक निर्देश

**भंडारा.**



महाराष्ट्र के एक प्रमुख वन्यजीव आश्रय स्थल माने जाने वाले नवेगाव-नागझिरा टाइगर प्रोजेक्ट के बफर ज़ोन के प्रबंधन को लेकर अब एक निर्णायक कदम उठाया गया है। महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य विधायक डॉ. परिणय फुके की सतत पहल के बाद राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक ने इस विषय पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इस प्रोजेक्ट का कोर क्षेत्र भले ही टाइगर प्रोजेक्ट के अंतर्गत आता हो, लेकिन बफर ज़ोन का प्रबंधन अभी तक क्षेत्रीय वन विभाग के अधीन था। इस वजह से एकीकृत नीतियों के क्रियान्वयन में बाधा आ रही थी। वर्ष 2017 से लंबित इस प्रस्ताव को गति देने के लिए हाल ही में विधायक डॉ. फुके ने मंत्रालय में वन मंत्री से विस्तृत चर्चा की थी। इस बैठक में डॉ. फुके ने बताया कि कुछ महीने पहले नागपुर वन विभाग ने इस विषय पर एक संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में सैद्धांतिक मंजूरी देने के निर्देश दिए थे। हालांकि अभी तक इसकी अंतिम प्रशासनिक मंजूरी नहीं मिली थी। अब इस दिशा में सकारात्मक निर्णय की प्रक्रिया तेज हो गई है।

वन मंत्री गणेश नाईक की सकारात्मक भूमिका, विधायक डॉ. फुके के विस्तृत निवेदन को गंभीरता से लेते हुए वन मंत्री गणेश नाईक ने इस प्रस्ताव पर जल्द से जल्द प्रशासनिक मंजूरी के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। महत्वपूर्ण प्रभाव और संभावनाएं, इस निर्णय से नवेगाव-नागझिरा क्षेत्र में नए पर्यटन गेट्स, जंगल सफारी मार्ग, इको-टूरिज्म हब, और स्व-रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। इससे स्थानीय ग्रामीणों, पर्यावरण प्रेमियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े नागरिकों में उत्साह का माहौल है। राज्य सरकार की ओर से जल्द ही इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी होने की संभावना है। विधायक डॉ. परिणय फुके के निरंतर प्रयासों के चलते एक लंबे समय से लंबित विषय अब साकार होता दिखाई दे रहा है।

### संयुक्त प्रबंधन की आवश्यकता

❍ विधायक फुके का मानना है कि अगर बफर ज़ोन का नियंत्रण टाइगर प्रोजेक्ट को सौंपा जाए, तो प्रबंधन और अधिक प्रभावी व एकीकृत रूप में हो सकेगा। इससे इको-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन का भी विकास होगा। वर्तमान में विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण कई विकास योजनाएं केवल कागजों पर अटकी हुई हैं। साथ ही, वन्यजीवों की बढ़ती संख्या के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष भी बढ़ रहा है, जिसे रोकने के लिए तुरंत कदम उठाना आवश्यक है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण,

## > भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड हुए शामिल

**सौंसर.**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत सौंसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंधराखेड़ी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने स्वयं पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



पौधरोपण कार्यक्रम में सौसर के वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे, मोरेश्वर मर्सकोले, राजेन्द्र भक्ते, दर्शन झाड़े, रंजनी महेश पराड़कर, शंकरराव गोरे, नरेंद्र ठोमबरे, संजय बागडे, नारायण पाठे, राजेन्द्र पराड़कर, अनिल पराड़कर, संजय पराड़कर, रामा गोहटे, अजय पराड़कर, रवि फरकसे, महेश पराड़कर, रामेश्वर किनकर, निर्मला बोबडे, जिजा नांडेकर, दिनेश भलावी, खेमराज सोनेकर, पवन रभडे, अनिल पांडे, गणेश मोहरे, प्रदीप पराड़कर, डॉ. किनकर, राधेश्याम देवासे समेत अनेक मंडल पदाधिकारी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि "माँ के नाम पर लगाया गया हर पौधा न सिर्फ पर्यावरण के लिए लाभदायक है, बल्कि यह हमारी भावनाओं और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक भी है।"

उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अपील की कि वे इस अभियान को जन आंदोलन बनाएं और हर घर एक पेड़ लगाने का संकल्प लें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दिया और इस पहल की सराहना की।

# एसएमएचआरसी बना हेल्थ चेकअप का नया सेंटर

**नागपुर.**




वानाडोंगरी. शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एसएमएचआरसी), नागपुर अब सिर्फ एक हॉस्पिटल नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के सरकारी और कॉर्पोरेट सेक्टर के लिए रोकथाम आधारित स्वास्थ्य जांच का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। 1020 बेड की क्षमता वाला यह अस्पताल अब समय पर बीमारी की पहचान और जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

एसएमएचआरसी के प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप प्रोग्राम को महाराष्ट्र सरकार से बड़ा प्रोत्साहन तब मिला, जब नागपुर पुलिस के 7,500 से अधिक कर्मचारियों की व्यापक स्वास्थ्य जांच का जिम्मा इसे सौंपा गया। इस पहल की सफलता के बाद अब आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों ने भी अपने वार्षिक चेकअप के लिए एसएमएचआरसी का रुख करना शुरू कर दिया है। एसएमएचआरसी की कुशल सेवाओं और व्यवस्थित प्रणाली के चलते अब निजी क्षेत्र की संस्थाएं भी इससे जुड़ने लगी हैं। हाल ही में एमएसईटीसीएल ने 40 वर्ष से ऊपर के अपने अधिकारियों के लिए विशेष प्रिवेंटिव हेल्थ पैकेज के लिए एसएमएचआरसी से साझेदारी की।

नागपुर, चंद्रपुर, गढ़चिरौली, भंडारा और वर्धा के 125 से ज्यादा अधिकारी पहले ही इस सेवा का लाभ उठा चुके हैं। यह पूरी पहल डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक में स्थित स्वतंत्र डिवीजन द्वारा संचालित की जा रही है। इसका नेतृत्व डॉ. नूरूल अमीन, सीएमएस डॉ. वसंत गावंडे और एएमएस डॉ. सुधीर सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

संचालन टीम में शामिल हैं: डॉ. अनिरुद्ध चक्रवर्ती फिजिशियन), पवन चापले (फ्लोर मैनेजर), चेतन लांजेवार (रजिस्ट्रेशन व बिलिंग), प्रफुल्ल धाबेकर (रेडियोलॉजी),राखी ठावकर (सीसीएल), भाग्यश्री पोहाने (ओपीडी मैनेजर), मनाली (फिजिशियन असिस्टेंट)सिस्टर नम्रता (ओपीडी नर्स), यह टीम सुनिश्चित करती है कि स्वास्थ्य जांच की हर प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के समयबद्ध तरीके से पूरी हो और मरीजों को सर्वोत्तम अनुभव मिले।

# विदर्भ का 'बड़ा है तो सुंदर है' हीरा आभूषण अभियान जारी

**नागपुर.**




ग्राहकों की भारी उपस्थिति और अविश्वसनीय उत्साह के जवाब में, विदर्भ के सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांडों में से एक, रोकड़े ज्वैलर्स ने अपने बहुप्रशंसित मौसमी अभियान - 'बड़ा है तो सुंदर है' के विस्तार की घोषणा की है। मूल रूप से 1 जून 2025 को समाप्त होने वाले इस अभियान को अब सीमित अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे हीरा प्रेमियों को इस अभूतपूर्व हीरे के आभूषण ऑफर का आनंद लेने का एक और सुनहरा मौका मिलेगा। "विदर्भ का सबसे बड़ा हीरा आभूषण ऑफर" के नाम से प्रशंसित, यह अभियान हीरे के आभूषणों के निर्माण शुल्क पर अपराजेय छूट प्रदान करता है.

2.5 लाख रुपये तक के हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 100% की छूट, 2.5 – 5 लाख तक की खरीदारी पर मेकिंग चार्ज पर 125% की छूट, 5 – 10 लाख तक की खरीदारी पर मेकिंग चार्ज पर 150% की छूट, 10 लाख से अधिक की खरीदारी पर मेकिंग चार्ज पर 200% की छूट, चाहे वह शादी-ब्याह, त्यौहारी अवसर या चिरस्थायी उपहार के लिए हो, यह विस्तारित अवधि ग्राहकों को असाधारण मूल्य का आनंद लेते हुए, शानदार हीरे के टुकड़ों के साथ अपने आभूषण संग्रह को बढ़ाने का अवसर देती है। रोकड़े ज्वैलर्स के प्रबंधन ने बताया, "हमारे ग्राहकों से मिले जबरदस्त प्यार और प्रतिक्रिया के कारण, हमने 'बड़ा है तो सुंदर है' को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। यह हमारे ग्राहकों द्वारा हमारे प्रति लाए गए भरोसे, वफादारी और उत्सव के प्रति एक श्रद्धांजलि है। यह विस्तार सुनिश्चित करता है कि कोई भी इस दुर्लभ अवसर को न चूके।"

**रोकड़े ज्वैलर्स विदर्भ के आभूषण :** उद्योग में एक प्रसिद्ध नाम है। शुद्धता, शिल्प कौशल, परंपरा और नवीनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने वाला रोकड़े ज्वैलर्स इस क्षेत्र में सबसे पसंदीदा आभूषण शोरूम बना हुआ है। ग्राहकों की इच्छाओं की गहरी समझ और प्रतिष्ठित डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, रोकड़े ज्वैलर्स विदर्भ के हर घर में विश्वास और शान की किरण के रूप में खड़ा है।

# अमरावती के धारणी तालुका में भूकंप का हल्का झटका

## > रिक्टर स्केल पर 3.8 तीव्रता दर्ज

**अमरावती.**

मेलघाट धारणी तालुका के कुछ गांवों में बुधवार रात 9:58 बजे रिक्टर स्केल पर 3.8 तीव्रता का हल्का भूकंप आया, इसकी जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी है। लेकीन कुछ गांवों के लोगों से जाणकारी ली गई है तो उन्हाने किसी प्रकार का झटका महसूस नहीं हुआ ऐसी प्राथमिक जाणकारी सामने आई है. धारणी तालुका के शिवझिरी गांव में भूकंप का केंद्र था, यह 'एनएसएस' की रिपोर्ट में बताया गया है। यह गांव के सुसरदा, राणीगांव, डाबका, नारदु आदि गांवों के आसपास के क्षेत्रों में हल्के स्तर का भूकंप महसूस किया गया, इसकी जानकारी महसूल विभाग द्वारा धारणी तहसील के तलाठी, मंडल अधिकारी आदि को सतर्क किया गया।

अमरावती जिले में अपर वर्धा डैम पर लगे भूकंपमापी तथा धारणी के खारिया टेंभुरू यह गाव के भी भूकंपमपी यंत्रों कई वर्षों से बंद है, जिसकी मरम्मत की जा रही है, यह जानकारी मिल रही है, महसूल विभाग द्वारा सतर्क रहणे, तथा किसी भी अफवा पर ध्यान न देणे की अपील की गई है.

धारणी से 5 किमी दुरी पर खारिया टेंभुरू मे जलद ही 19 हजार 300 करोड रु की लागत से तापी मेगा रिचार्ज प्रकल्प सुरू होणे जा रहा है, मेळघाट का धारणी तहसील सुरू से ही भूकंप क्षेत्र रहा है, पिछले 15 सालो मे मेळघाट मे 5 बार भूकंप आ चुका है, नागरिक भयभीत हो रहे है.

# जेईई एडवांस 2025 में मिडास कोचिंग ने रचा इतिहास,

## >11 छात्रों ने परीक्षा की क्वालीफाई

**सौंसर.**



जेईई एडवांस 2025 के नतीजों ने सौसर के मिडास कोचिंग संस्थान के लिए एक बार फिर गौरव के क्षण लेकर आए हैं। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में संस्था के 11 छात्रों ने सफलता प्राप्त कर सौसर और पांढुर्णा-छिंदवाड़ा जिले का नाम रोशन किया है। संस्थान के होनहार छात्र निशिद खंडाग्रे ने ऑल इंडिया रैंक 4937 एवं कैटेगरी रैंक 962 हासिल कर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि सौसर जैसे छोटे शहर के लिए एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। अन्य सफल छात्रों में तन्मय वानखेड़े 11844, कैटेगरी रैंक 2785, धवल 11905, कैटेगरी रैंक 1526, हमांशी 12362, कृष्णा 20654, कैटेगरी रैंक 5537, सुजल 28590, कैटेगरी रैंक 8093, प्रज्ञ 89, मंथन 3894, तेजस 4241, आर्यन 4590, निधि 2824 इन सभी छात्रों की सफलता के पीछे मिडास कोचिंग संस्थान की अनुभवी और आईआईटी शिक्षकों की टीम का योगदान रहा, जिन्होंने छात्रों को सही मार्गदर्शन और उत्कृष्ट अध्ययन वातावरण प्रदान किया।

सौसर में अब शिक्षा का स्तर तेजी से ऊपर उठ रहा है और मिडास संस्थान इसकी मिसाल बन चुका है। संस्था की ओर से सभी सफल छात्रों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी गईं हैं।

संस्थान ने यह भी बताया कि अब सबकी निगाहें नीट 2025 के परिणामों पर टिकी हैं, जिससे उम्मीद है कि मिडास के छात्र वहां भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 7 सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

**सौंसर.**



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को तहसील कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन कर सरकार के विरोध में आवाज उठाई। इस अवसर पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी (एसडीएम) सिद्धार्थ पटेल को 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। धरना आंदोलन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने किसानों और आम जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। प्रमुख मांगों में समर्थन मूल्य पर मूंग, तुअर और मूंगफली की खरीदी, बारिश से बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कर मुआवजा देना, तुअर फसल के गलत सर्वे के कारण किसानों को हो रही परेशानी, क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती और ट्रिपिंग पर रोक, सेवा सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता, गौमांस तस्करी पर सख्त कार्रवाई, तथा अवैध धंधों पर नियंत्रण जैसी समस्याएं शामिल थीं।

**धरना कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख नेता :** जिला कांग्रेस प्रभारी गंगार प्रसाद तिवारी, विधायक विजय रेवनाथ चौरे, भागवत महाजन, पूनाराम बाविसटाले, बाबूलाल खंडाते, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र येमदे, चंद्रशेखर गुर्वे, निलीम पाटील, दिलीप गुगर्वे, ज्ञानेश्वर गावंढे (जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष), शंकर ब्रम्हे, कैलाश चौधरी, प्रशांत महाले, सतीश बोडखे, शिव सालोटकर, रामदास नखाते, और अन्य पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम का संचालन विठ्ठल गायकवाड ने किया।

**सांसद बताएं एक साल की उपलब्धि: चौरे का सवाल :** धरने के दौरान विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने छिंदवाड़ा-पांढुर्णा सांसद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सांसद को एक साल पूरा हो चुका है, लेकिन उन्होंने क्षेत्र के विकास की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि सांसद गांव-गांव जाकर स्वागत तो करा रहे हैं, लेकिन अवैध धंधों को संरक्षण देकर, कमीशनखोरी को बढ़ावा दे रहे हैं।

चौरे ने यह भी आरोप लगाया कि जिले में अवैध प्लॉटिंग और अन्य अवैध कारोबार भाजपा सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं।

# केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान कर रहा किसानों से संपर्क

## > विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

**नागपुर.**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने 15 दिवसीय (29 मई से 12 जून,2025) मानसून पूर्व राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियानशुरू किया है । देशभर में लगभग 2150 विशेषज्ञ टीमों के जरियें यह अभियान चलाया जा रहा है जिसमें हर टीम प्रतिदिन 600 किसानों से संपर्क कर रही है।

परिषद के सभी कृषि वैज्ञानिक, क्षेत्र अधिकारी और प्रगतिशील किसानों की सहभागिता उल्लेखनीय है। इस अभियान के अंतर्गत केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सिरकॉट), मुंबई के निदेशक, डॉ .एस.के.शुक्लाके मार्गदर्शन में संस्थान के वैज्ञानिक एवं नागपुर स्थित ओटाई प्रशिक्षण केंद्रके वैज्ञानिक महाराष्ट्र के कुल 7 जिल्हों, ठाणे, बुलढाना, अकोला, चंद्रपुर, नागपुर, वर्धा एवं भंडारा में खरीफ सीजन के पहले गांवों के खेतों का दौरा करेंगे । संस्थान के वैज्ञानिकों को कई टीमों में विभाजित किया गया है ।

प्रत्येंक टीम जिल्हों के चयनित गांवों को भेट देंगी और किसानों के साथ सीधा वार्तालाप कर उनकी समस्यों का समाधान करेंगी और आधुनिक कृषि की नई तकनीकी ज्ञान, आधुनिक खेती के तरीके, उपकरण और स्थानीय परिस्थियों के अनुकूल उपायों की जानकारी देगी । इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य किसानों को सशक्त बनाना है और कृषक समुदाय और वैज्ञानिकों के बीच के खाई को मिटाना है.

# ओमकारनगर चौक पर डी.पी. और ट्रैफिक जाम से परेशान नागरिकों की गुहार

**नागपुर.**



ओमकार नगर के निवासी पिछले 25 वर्षों से इस क्षेत्र में निवास कर रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि ओमकार नगर चौक पर मटन और चिकन दुकानों के अतिक्रमण के चलते चौक की दशा बेहद खराब हो चुकी है और यह इलाका वर्षों से उपेक्षित बना हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, वर्ष 2022 में महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग ने यहां कार्रवाई कर कुछ अतिक्रमण हटाए थे। चौक पर स्थित एक प्लॉट पर वर्तमान में एक कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य जारी है, जिससे क्षेत्र के विकास को कुछ हद तक गति मिली है। इसके लिए नागरिकों ने प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया है। हालांकि, चौक पर स्थित एस.आय.डी.सी.एल. की डी.पी. रोड के बीचोबीच लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। नागरिकों ने बताया कि डी.पी. रोड की आड़ में कुछ लोगों ने चाय-पानी की टपरी लगाकर दोबारा अतिक्रमण कर लिया है। इसी चौक के बीच में ट्रैफिक सिग्नल और चौक का नाम दर्शाने वाला बोर्ड भी महानगर पालिका द्वारा स्थापित किया गया है, जिससे चौक की जगह संकरी हो गई है और वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न होती है। नागरिकों ने बताया कि इन समस्याओं के कारण आए दिन ट्रैफिक जाम और सड़क हादसे होते रहते हैं। क्षेत्रवासियों ने इस मुद्दे को कई बार संबंधित विभागों के समक्ष उठाया है और कई आवेदन भी दिये हैं, लेकिन आज तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस अतिक्रमण पर ठोस कार्रवाई की जाए और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चालू किया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।




# रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व में भाजपा संगठन में नई गति

## > मजदूर वर्ग तेजी से जुड़ रहा भाजपा से

**मुंबई.**



महाराष्ट्र भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद से विधायक रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व में पार्टी संगठन में स्पष्ट रूप से नई गति और ऊर्जा देखी जा रही है।

डोंबिवली से चार बार विधायक रहे चव्हाण की सक्रिय कार्यशैली ने संगठन विस्तार को गति दी है, खासतौर से मजदूर वर्ग के बीच पार्टी की पकड़ मजबूत होती दिख रही है। हाल ही में मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रविंद्र चव्हाण को अखिल भारतीय कामगार कर्मचारी संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, "मजदूर वर्ग की समस्याओं का समाधान केवल भाजपा की राष्ट्रवादी और अंत्योदय आधारित विचारधारा में निहित है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता मजदूरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। रविंद्र चव्हाण ने इसे मजदूर वर्ग के विश्वास की जीत बताया। उन्होंने कहा, "अखिल भारतीय कामगार कर्मचारी संघ का अध्यक्ष पद मुझे मजदूर वर्ग ने जो भरोसे के साथ सौंपा है, मैं उस विश्वास को टूटने नहीं दूंगा। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा।"

चव्हाण ने यह भी विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में मजदूरों के कल्याण हेतु ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और आगे भी उठाए जाएंगे।

### भाजपा से जुड़ रहे अन्य संगठनों के नेता

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अन्य संगठनों से भी नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। शिव वाहतूक सेना (उबाठा गुट) के महाराष्ट्र अध्यक्ष डॉ. महेश सुधाकर पोरे, उपाध्यक्ष संजय चावनेकर, रायगढ़ जिला अध्यक्ष अच्युत पाटिल और अन्य जिलाध्यक्षों ने भाजपा का दामन थामा। इसके साथ ही एयर इंडिया, स्पाइसजेट, इंडिगो, बीडब्ल्यूएफएस जैसे एयरपोर्ट से जुड़े प्रमुख मजदूर संगठनों के पदाधिकारी भी पार्टी से जुड़े।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 467-7 | 678-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 230-5 | 247-3 |